## सार-समाचार

### साइबर अपराध के पांच आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड में शामिल पांच साइबर अपराधियों को पकड़ा है। जिनके पास से बरामद की गई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में कई प्रकार के साइबर फ्रॉड से संबंधित ऐप पाए गए जोधपुर ग्रामीण एसपी राम मूर्ति जोशी ने बताया कि रेंज विकास कुमार के निर्देशन में ऑपरेशन एंटी वायरस चलाया जा रहा है। इसके चलते साइबर फ्रॉड में शामिल संदिग्ध मोबाइल नंबर धारकों की सूचना का संकलन कर उनके ठिकानों पर दबिश दी गई। इसको लेकर जोधपुर ग्रामीण के पुलिस थाना बिलाड़ा, पीपाड़ शहर और शेरगढ़ हल्का क्षेत्र में रह रहे पांच संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने भागीरथ (22) पुत्र ओमप्रकाश मेघवाल, विनोद (20) पुत्र निंबाराम मेघवाल निवासी खांगटा, रावल राम (20) पुत्र राणाराम मेघवाल निवासी सोलंकिया तला, महीराम (50) पुत्र मंगलाराम विश्नोई निवासी तिलवासनी, महेंद्र नाई (24) पुत्र बाबूलाल निवासी तिलवासनी को गिरफ्तार किया है। जोधपुर ग्रामीण के साइबर एक्सपर्ट पुखराज ने बताया कि इन लोगों के फोन को साइबर अपराध के लिए काम लिया गया था। जिनके खिलाफ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई की गई। वहीं आगे की कार्रवाई के लिए अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में एडीसीपी भोपाल सिंह, साइबर सेल एडीसीपी रतन सिंह, निरीक्षक पुलिस दिनेश डांगी, जोधपुर ग्रामीण साइबर सेल के अमानाराम, सेठाराम, किशोर, चंपालाल, गोपाल, गैनाराम, हरेंद्र, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र, प्रकाशचंद्र शामिल रहे। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ की जा रही है।

### मतदाता सूची के संबंध में बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के अर्हता 1 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर जिले के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा संशोधन सम्बन्धी दावे तथा आपत्तियां 28 नवंबर, 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। 9 नवम्बर व 23 नवम्बर (नवम्बर) को ग्राम सभा में मतदाता सूची का पठन किया जाएगा। 10 व 24 नवम्बर को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गई है जिसमें राजनैतिक दलों एवं बीएलए के साथ दावें एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जायेगी। दावें एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाश 6 जनवरी को किया जायेगा। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी (फोटो युक्त) एवं सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भारतीय जनता पार्टी के एडवोकेट सुरेश सोलंकी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के रमेश सोलंकी, बहुजन समाज पार्टी के पी.के.भादरू उपस्थित रहे।

### भैंरूबाग चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, कासं) । जोधपुर के भैरूबाग जैन तीर्थ मंदिर में लाखों रुपए की चोरी और सोने का मुकुट सहित कीमती सामान चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मंदिर के कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। चोरी के बाद से फरार था। उसने चोरी के रुपए अपनी गर्लफ्रेंड पर खर्च किए। सरदारपुरा थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया- मामले में पाली के सिरियारी निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी भैरूबाग मंदिर में कर्मचारी है। बीते दिनों मंदिर के ऑफिस में रखे लॉकर से डेढ़ लाख रुपए, सोने का मुकुट और सिक्के चोरी कर लिए थे। उसके बाद 15 दिन से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी को सोमवार शाम को गिरफ्तार कर थाने लाई है, जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में आने वाले भैरूबाग जैन तीर्थ के कोषाध्यक्ष हरकचंद सालेचा ने दी रिपोर्ट में बताया- उनके मंदिर की तिजोरी का डबल लॉक तोड़कर अंदर रखा सोने का मुकुट, सोने के सिक्के और डेढ़ लाख रुपए चोरी किए गए है। प्रार्थी ने चोरी का आरोप मंदिर के कर्मचारी पाली के सिरियारी निवासी रवि कुमार पर लगाया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने रविकुमार की तलाश शुरू कर दी थी। पूछताछ में सामने आया कि उसने चोरी के। रुपए गर्लफ्रेंड पर खर्च कर दिए।

### घर में चोरी, मोबाइल पर ऑनलाइन देखी

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के नादड़ी स्थित डिफेंस कॉलोनी में एक घर में 27 अक्टूबर की रात में चोरी हो गई। दंपती अपने गांव गया हुआ था। रात एक बजे मोबाइल पर चोरों को घरों में घुसते देखा और पता चल गया कि घर में चोर घुस आए हैं। वे वापिस लौटे तो पाया कि चोर 3.22 लाख की नगदी, लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी कर गए। इस बारे में बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस अब फुटेज से चोरों की पहचान कर तलाश कर रही है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि मामले में मूलतः जैतारण के किनावड़ी हाल डिफेंस कॉलोनी नांदड़ी निवासी मांगीलाल पुत्र बाबूराम सैन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 27 अक्टूबर को अपनी पत्नी संग जैतारण गांव गया था। रात एक बजे उसका फोन चालू था, तब ऑनलाइन घर में लगे सीसीटीवी कैमरें से पता लगा कि घर में चोर घुसे है। चोरों ने अलमारी और बेडरूम के बक्सों के ताले तोड़ कर वहां से 500 ग्राम चांदी के आइटम जिनमें कंदोरा, अंगुठियां, 16 सिक्कें, पायजेव, बिचुडिय़ों के अलावा सोने की रखड़ी सेट, हार, कानों के टोप्स जोड़ी, बच्चें का कड़ा आदि के साथ बक्सों के कपड़ों में रखे 3 लाख रूपए, पत्नी के बक्से में रखे 12 हजार केश एवं पर्स में रखे 10-12 हजार रूपए चोरी कर गए। बनाड़ पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

### भगवान धन्वंतरि का पूजन किया

**पाली**, (नि.सं.)। धनतेरस पर शहर के पुरानी कचहरी स्थित जिला आयुर्वेद अस्पताल में भगवान धन्वंतरि की पूजा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि यूआईटी आयुक्त पूजा सक्सेना, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक बजरंग लाल शर्मा, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, बांगड़ हॉस्पिटल प्रशिक्षित केंद्र के के सैनी और जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिव प्रकाश शर्मा ने भगवान धन्वंतरि की विधि विधान से पूजा की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का बहुमान किया गया। उपनिदेशक बजरंग लाल ने बताया कि जिले में 145 आयुर्वेद अस्पताल है, जिसमें करीब आदे पद खाली है। 33 अस्पताल में कोई भी पद पर कर्मचारी नहीं होने के कारण दूसरी जगह से कंपाउंडर अपनी सेवाएं देते हैं, हम अपने स्तर पर मरीज को सेवाएं दे रहे हैं। आयुर्वेद विभाग अपने आप में एक विभाग है। पूजा सक्सेना ने भी संबोधित किया। योग दिवस पर सहयोग करने वाले महिला पुरुषों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पंडित शंभूलाल शर्मा, एलपीआर मेहता, दोलाराम पटेल, नरेंद्र मच्छर सहित कई जने मौजूद थे।

### अवैध शराब सहित एक जना पकड़ा

**रेवदर**, (निसं)। दीपावली त्याहौर पर गुजरात जा रही अवैध शराब से भरे कुल 37 कार्टन ब्रेजा कार से जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिले में विशेष अभियान मादक पदार्था के विरूद्ध कार्यवाही, शराब तस्करी, कच्ची शराब के उत्पादन व विकय की रोकथाम तथा वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत देवाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही व वृताधिकारी रेवदर मनोज कुमार गुप्ता के निकट सुपर विजन में पुलिस टीम द्वारा दौराने नाकबन्दी संदिग्ध वाहन बिना नम्बरी वीटारा ब्रेजा कार की गहनता से तलाशी ली गई तो वाहन ब्रेजा में अवैध रूप से अग्रेजी शराब के अलग-अलग ब्राण्ड के कुल 37 कार्टन बरामद कर वाहन को बरामद कर वाहन मय मुलजिम प्रकाशभाई पुत्र बाबुभाई जाति कोली 28 साल निवासी खीमत रोड पाथावाडा पुलिस थाना पाथावाडा जिला बनासकांठा गुजरात को गिरफ्तार किया जाकर शराब तस्करी की धाराओ में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकाशभाई पुत्र बाबुभाई जाति कोली उम्र 28 साल निवासी खीमत रोड पाथावाडा पुलिस थाना पाथावाडा जिला बनासकाटा को गिरपतार किया।

### राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

**पाली**, (नि.सं.)। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व होने के कारण राष्ट्रीय एकता दिवस आज मंगलवार को जिला कलैक्टर कार्यालय में अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह व एडीएम सीलींग भवानी सिंह पंवार ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और देश की एकता को मजबूत बनाये के लिये शपथ दिलाई। सीईओ जिला परिषद , मुकेश चौधरी विभिन्न अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जालोर में 'रन फॉर यूनिटी' सद्भावना दौड़ हुई

**जालोर**, (कासं)। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा हनुमानशाला स्कूल से शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सद्भावना दौड़ को जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व नगर परिषद सभापति गोविन्द टांक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड़ हनुमान शाला स्कूल से रवाना होकर तिलक द्वार-वन वे रोड़-नगर परिषद रोड़-आहोर चौराहा होते हुए जिला स्टेडियम में समाप्त हुई। रन फॉर यूनिटी दौड़ मे केंद्रीय विद्यालय, वीर वीरमदेव आत्मरक्षा केंद्र, खेलो इंडिया सेंटर, आर्य वीर दल, जिला क्रिकेट अकादमी के बच्चों ने भाग लिया। दौड़ से पूर्व राष्ट्रीय एकता के लिए सभी प्रतिभागियों व अधिकारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़, ड्राफ्टमेन बलवीर सिंह, बास्केट बॉल प्रशिक्षक इमरान खान, समग्र शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी हिंगलाजदान चारण सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने अधिकरियों-कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलवाई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, कार्यालय अधीक्षक रूस्तम खां सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जालोर जिले के उपखंड कार्यालयों, तहसील कार्यालयों व पंचायत समिति कार्यालयों सहित सभी सरकारी कार्यालयों व संस्थाओं में अधिकरियों-कर्मचारियों को सत्य निष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलवाई गई।

# ए.सी.बी. जालोर ने जीरो टॉलरेंस नीति बताई

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ व विभागीय कार्मिकों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सांचौर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति से अवगत करवाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्यप्रणाली यथा-ट्रेप कार्यवाही, पद का दुरूपयोग, आय से अधिक संपति व आकस्मिक चैकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा भविष्य में भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों पर आवाज उठाने व रिपोर्ट करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में आमजन को टोल फ्री नंबर व वॉट्सएप नम्बर तथा एसीबी चौकी जालोर के टेलिफोन नम्बर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नम्बर पर भ्रष्टाचार संबंधित सूचना देने के लिए जानकारी प्रदान की गई तथा जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में आमजन को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाने का संकल्प दिलाया गया तथा एसीबी ब्यूरो द्वारा परिवादियों के वैध कार्य करवाने में पूर्ण सहयोग करने के बात कही गई।

# दुल्हेशाह बाबा दरगाह चोटिला के मेले की तैयारी जोरों पर

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले के रोहट तहसील के गांव चोटिला में दरगाह हजरत शहीद पीर दुल्हेशाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहे का पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा विश्व विख्यात मेला चोटिला दरगाह कमेटी सदर अमजद अली रंगरेज के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पम्परागत रूप से दिपावली के दूसरे दिन से तीन दिवासीय तक मनाया जाता है।

प्रवक्ता जिशान अली रंगरेज ने बताया कि इस वर्ष चोटिला मेला 1 नवम्बर से 3 नवम्बर तक मनाया जायेगा। जिसमें 1 नवम्बर शुक्रवार को तकरीर व नातख्वानी का कार्यक्रम होगा, जिसमें हजरत मौलाना आसिफ रजा सैफी साहब उत्तरप्रदेशद्ध का शानदार खिताब होगा। 2 नवम्बर शनिवार को कव्वाली का कार्यक्रम होगा। जिसमें इन्टरनेशनल कव्वाल रईस मियां ;दिल्लीद्ध व पगड़ी बंध कव्वाल तौफिक रिजवान रोशनजोधपुर एक से बढ़कर एक कव्वाली प्रस्तुत करेंगे तथा देश-प्रदेश की कई शख्सीयते व जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

मेला संयोजक नूर अली रंगरेज ने बताया कि इस मेले को लेकर दुकाने, झूले व विद्युत-जल, चिकित्सा, मोबाईल टॉयलेट एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा इस मेले में नागौर, जोधपुर, पाली, सिरोही, जालोर आदि जिलों के जायरीन लाखों की तादाद में इस मेले में आते है तथा अलग-अलग जिलो के हिसाब से कॉलोनियां बनाकर 3 दिन वहीं निवास करते है तथा अन्तिम 3 नवम्बर रविवार को मेले का समापन होता है।

मेले की तैयारियों को लेकर पाली जिला मुस्लिम समाज सदर हकीम भाई, जनरल सैक्रेट्री हाजी रफीक गौरी, केशियर हाजी मेहबूब टी व चोटिला दरगाह सैक्रेट्री तुराब अली रंगरेज, केशियर बाली हाजी साहब मेहबूब भाई, रफीक अब्बासी, हाजी उमर लौहार, अजीज फौजदार, शरीफ भाई हिन्दुस्तान, एडवोकेट साबिर खान, तारीक अली चूड़ीगर, शाहिद भाई पिन्नू, एडवोकेट असलम खान, उमर ए.बी. खान, आरिफ नवीन, मुन्ना मकरानी, रमजान सामरिया, मेहबूब बालक, हारून मल्लिक, जहीर मकरानी, आरिफ अली रंगरेज, हाजी रिजवान चढ़वा आदि जुटे हुए है।

## शासन सचिव व शिक्षा निदेशक से मुलाकोत की

**जालोर** , (कासं)। राज.शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रतिनिधि मंडल प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शासन सचिव (शिक्षा) कृष्ण कुणाल व निदेशक आशीष मोदी से मिला।

प्रतिनिधि मंडल में पुष्करणा के साथ प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा और प्रदेश महिला मंत्री डॉ अरुणा शर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा,शिक्षक और शिक्षार्थी को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली, राजकीय विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रशिक्षण, समायोजन, स्थानांतरण जैसे प्रमुख विषयों को लेकर चर्चा हुई। जिनमें प्रमुख रूप से शिक्षकों के स्थानांतरण करना, म्यूचुअल स्थानांतरण करने, स्थानांतरण पॉलिसी जारी करके शिक्षक संघों से सुझाव लेना,मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना की राशि जारी करने, प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 5 के लिए न्यूनतम 5 शिक्षक लगाने, अतिरिक्त कक्षा कक्ष उपलब्ध करने ,सूचनाओं के नाम पर ऑनलाइन खानापूर्ति बंद करने,अधिशेष शिक्षकों के समायोजन करने आदि मांगों पर चर्चा हुई। अधिकांश मांगों पर शासन सचिव और निदेशक सहमत दिखाई दिए।

# जोधपुर डिस्कॉम ने व्यापक बंदोबस्त किए

**जोधपुर**, (का.सं.)। दीपावली का त्योहार खुशी और उत्सव का समय है, लेकिन इस दौरान बिजली का सुरक्षित उपयोग भी जरूरी है। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने अभियंताओं और तकनीकी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे ये सुनिश्चित करें कि बिजली निर्बाध मिलती रहे। साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे सुरक्षा निर्देशों की पालना करें । दिशा-निर्देशों का पालन करके हम न केवल अपने परिवार और समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, बल्कि इस त्योहार को और भी आनंदमय बना सकते हैं। त्योहारों का आनंद लेते हुए हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए और सुरक्षित रहना चाहिए।

दिनेश कुमार तातेड़ जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि जोधपुर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम दीपावली के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए हमने सभी वृत्त अधीक्षण अभियंताओं को 30 अक्टूबर से 02 नवंबर के दौरान कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए ड्यूटी चार्ट वनाने के लिए निर्देश दिए थे। अब सभी सर्किल के ड्यूटी चार्ट तैयार हो चुके है। हमे पूरा विश्वास है कि रोशनी के इस पर्व पर जोधपुर डिस्कॉम गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति दे सकेगा।

दीपावली पर जोधपुर विद्युत वितरण निगम ने उपभोक्ताओं को निर्बाध गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रबंध निदेशक डा. भंवरलाल ने अधिकारियों को 30 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक बिजली आपूर्ति स्थिति, रख-रखाव, जीएसएस तथा महत्वपूर्ण लोड सेंटर्स पर स्टाफ की तैनाती सहित महत्वपूर्ण निर्देश दिए है।

एमडी ने निर्देश दिए कि सभी एक्सईएन (ओएंडएम) को अपने क्षेत्र में समुचित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। सभी एसई (ओएंडएम) बिजली आपूर्ति की स्थिति की निगरानी और रखरखाव के लिए सक्षम अधिकारियों की तैनातगी सुनिश्चित करे। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सभी संबंधित ग्रिड सब-स्टेशनों और महत्वपूर्ण लोड केंद्रों पर पर्याप्त स्टाफ रखे। सभी इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी दीपावली के दौरान बिजली आपूर्ति पर उचित निगरानी रखें। बिजली के उपकरणों से दूरी-पटाखे जलाते समय हमेशा ध्यान रखें कि आप बिजली के उपकरणों और सॉकेट्स से उचित दूरी बनाए रखें। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा।बिजली उपकरणों की जांच-त्योहारों से पहले, घर में मौजूद सभी बिजली उपकरणों और सॉकेट्स की अच्छी तरह से जांच करें। यदि किसी उपकरण में कोई समस्या है, तो उसे तुरंत मरम्मत करवा लें।

उपभोक्ताओं को भी निर्देशित किया गया कि दीपावली के समय, लोग अपने घरों को दीयों, रंगोली, और लाइट्स से सजाते हैं। इस दौरान बिजली के तारों का सही तरीके से संयोजन करना बेहद महत्वपूर्ण है। सजावट के लिए एक साथ बहुत सारे लाइट्स का उपयोग करने से बचें। यह बिजली के तारों पर ओवरलोडिंग का कारण बन सकता है, जिससे शॉर्ट सर्किट या आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचना चाहिये। सजावट के लिए केवल अच्छे और मानक प्रमाणित तारों का ही उपयोग करें। किसी भी क्षतिग्रस्त या पुराने तारों का प्रयोग न करें।

बच्चों को दीपावली के दौरान बिजली उपकरणों और पटाखों से दूर रखना बहुत जरूरी है।

# मिठाई के गोदाम पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिली

**सायला**, (निसं)। दीपावली के त्यौहार को लेकर मिठाईयों में शुद्धता की जांच के लिए राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सायला में एक मिठाई के गोदाम पर जांच के दौरान एक्सपायरी डेट की कसुरी मेथी, जलेबी, कचौरी व बंगाली मिठाईयां खाने योग्य नही होने पर नष्ट करवाई गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनुवन्तसिंह ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सायला के रामद्वारा कोलोनी स्थित खेतेश्वर मिष्ठान्न भंडार के गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बेसन में बडी मात्रा में इल्लियां पायी गई। जिस पर बेसन का सेम्पल संग्रहित किया गया।

जबकि कसुरी मेथी के 25०-25० ग्राम के प्लास्टिक के 115 पैकेट की डेट एक्सपायर होने पर नष्ट करवाने की कार्रवाई की गई। साथ ही पिसी हुई बादाम का भी सेम्पल लिया। इसी प्रकार खाने योग्य नही होने पर जलेबी, बंगाली मिठाई और कचौरी को नष्ट करवाने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान गोदाम मालिक रावलसिंह राजपुरोहित मौजूद था। वही डांगरा गांव में अभियान के तहत गंगोत्री दूध डेयरी से दूध और मिल्क क्रीम के सैम्पल लिए गए।

सायला क्षेत्र में कई मिष्ठान्न विक्रैता खराब क्वालिटी की सामग्री बना और बेच रहे है। जिसके कारण लोगो के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है लेकिन सैम्पल की रिपोर्ट आने में करीब 15 दिन से ०1 माह का समय लग जाता है। सैम्पल की रिपोर्ट विलम्ब से आने के कारण खराब क्वालिटी की खाद्य सामग्री पर रोक नही लगी रही है।

खाद्य एवं सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत खाने पीने की वस्तुओं में मिलावट करने पर सजा और जुर्मने का प्रावधान है। जिसके तहत एक हजार रूपये से दस लाख रूपये तक जुर्माना लगाने और छः माह से लेकर आजीवन कारावास देने तक का प्रावधान किया गया है। लेकिन मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई नही होने से उनके हौंसले बुलन्द है। कई मर्तबा मिलावटखोर संबंधित विभाग के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर अपने खिलाफ मामले को इतना कमजोर बनवा लेते है की मामूली जुर्माना भरकर वे छूट जाते है।

## डॉ. शिखा सोनी व डॉ. शैलेंद्र शर्मा को सम्मानित किया

**जोधपुर**, (कासं)। चिकित्सा प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण प्रगति में, डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर की एनेस्थीसिया विभाग की असोसिऐट प्रोफ़ेसर डॉक्टर शिखा सोनी और डॉ. शैलेन्द्र शर्मा को उनकी अभिनव वाई-आकार की इन्ट्रोड्युसर सुई के लिए पेटेंट से सम्मानित किया। यह अभूतपूर्व उपकरण आपातकालीन, गहन चिकित्सा इकाई तथा आप्रेशन थियेटर मे सोनोग्राफी की मार्गदर्शन से सेन्ट्रल लाईन डालने मे उपयोग में आता है।

डॉक्टर शिखा ने बताया कि संवहनी (आर्टरी या वेन) तक सुई पहुंचाना एक कठिन काम है और यह पेटेंट वाली सुई इस चिकित्सा प्रक्रिया की दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने मे मदद करता है। इस वाई-आकार की सुई को पारंपरिक तरीकों से जुड़ी जटिलताओं के जोखिम को कम करते हुए, कैथेटर इन्ट्रोड्युस करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका अनोखा डिज़ाइन बेहतर गतिशीलता और परिशुद्धता की अनुमति देता है, जो इसे आपातकालीन स्थितियों में और चुनौतीपूर्ण संवहनी शरीर रचना वाले रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद बनाता है।

डॉ. सोनी एनेस्थीसिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान मे महात्मा गांधी चिकित्सालय के आई सी यू की इनचार्ज है। डॉक्टर शिखा महात्मा गोंधी चिकित्सालय मे पेन क्लिनिक भी देखती है तथा इस पेटेंट सुई को मरीजो के हित में उपयोग करने के लिए आशान्वित है। डॉ.शर्मा एमआरयू-डीएचआर की एक इकाई में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। पेटेंट के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए यह बताया कि हमारा मानना है कि यह नवाचार न केवल रोगी के परिणामों में सुधार करेगा बल्कि स्वास्थ्य पेशेवरों को उनके अभ्यास में अधिक प्रभावी उपकरण भी प्रदान करेगा।

डॉक्टर सम्पूर्णानन्द मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बी.एस. जोधा ने बधाई प्रेषित कर दोनो को साधुवाद दिया और मरीज को सुरक्षित सेन्ट्रल लाईन डालने वाली सुई की तारीफ करते हुए भविष्य मे ऐसे नये अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया।

## अवैध डोडा पोस्त बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ थाने के एसआई त्रिलोकदान ने जाजीवाल कलां में श्रवण के शख्स को पकड़ा व 924 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया।

# धनतेरस पर पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज

**जोधपुर**, (कासं) । शहर में आज धनतेरस के साथ पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज हो गया। कल रूप चौदस मनाई जाएगी और दीपोत्सव 31 अक्टूबर को मनेगा। आज शहर में धनतेरस पर करोड़ों का कारोबार हुआ। हालांकि बाजारों में व्यापारियों के चेहरे उतरे हुए थे। बाजोरों में भीड़ भाड़ तो रही खरीदारी का मामला ठंडा चल रहा था। वस्तुतः

वाहनों के शो रूम में चहल-पहल देखी गई। आभूषणों की दुकानों पर भी लोग अपने मनपसंद जेवरात खरीदते नजर आए। इलोक्ट्रोनिक शो रूम में ग्राहकी बनी रही। सुबह लोगों ने आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की विशेष पूजा अर्चना की। कलम दवात की भी पूजा की गई। भगवान धनवंतरी को आयुर्वेद का जनक माना जाता है, ऐसे में आज के दिन उनकी विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। लोगों ने आज धनतेरस को देखते हुए अपनी अपनी जरूरतों के हिसाब से खरीददारी की। शुभ मुहूर्त में लोग बाजारों की तरफ निकले। स्वर्णाभूषण के दामों में बेजा इजाफा होने के बावजूद भी लोगों ने इसकी खरीद की।

साथ ही इलेक्ट्रानिक मार्केट में मानों बूम सा आ गया। गाडिय़ों के शो रूमों पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपनी गाडिय़ों की बुकिंग कुछ दिन पहले ही कर ली थी, मगर आज शुभ दिन को देखते हुए शोरूमों से उठाई गई।

इस बार तिथि फेरबदल के चलते दीपोत्सव को लेकर लोगों में असमंजस भी बना रहा। कुछ लोग बुधवार को धनतेरस मनाएंगे।

ोधपुर शहर में दीपोत्सव 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शहर के बाजारों में पटाखों की खरीद भी जोरों पर चल रही है। कपड़ा मार्केट में सुस्ती छाई रही।

यातायात एडीसीपी दुर्गाराम चौधरी ने बताया कि दिपोत्सव पूर्व पर यातायात की विशेष व्यवस्था की है। धनतेरस के दिन सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक घंटाघर, नई सड़क, जालोरी गेट से भीतरी शहर में जाने वाले रास्तों पर तिपहिया और चौपहिया वाहनों की एंट्री पूरी तरह से बंद रखी गई। इसके साथ ही सरदारपुरा बी और सी रोड भी यातायात प्रभावित रहेगा। वहां के व्यापारियों से सभी वाहनों को मेन रोड के बजाय पार्किंग स्थल पर खड़ा करने के लिए अपील की गई है।

भीड़ को देखते हुए शहर में रेलवे स्टेशन, सूर्या होटल के सामने, उम्मेद स्टेडियम पुराना, घोड़ों का चौक पुराना बस स्टैंड, पावटा चौराहा, सब्जी मंडी के सामने पार्किंग स्थल तय किए है।

31 अक्टूबर को शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक भीतरी शहर में सभी वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे, जिसमें जालोरी गेट, त्रिपोलिया बाजार, तीन माता का मंदिर, घोड़ों का चौक की तरफ से सोजती गेट, मेन सड़क, घंटाघर, कंदोई बाजार, सिटी पुलिस थाना जाने वाले रास्ते शामिल है।

## शिक्षक संघ शे. ने रोष जताया

**जालोर**, (कासं)। शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग में सोमवार को कुछ शिक्षक संगठनों की बैठक बुलाई। इस बैठक में सरकार समर्थक संगठन को तो बुलाया ही गया और कुछ अन्य संगठनों को भी आमंत्रित किया गया था। इस बैठक का एजेंडा शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर विमर्श और क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका थी। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करने वाले शिक्षक संगठनों को इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। इसको लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने अपना विरोध जताया है।

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदत्त आर्य,जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह मंडलावत, सरक्षक ओमप्रकाश खंडेलवाल व दलपत सिंह जिला, जिला मंत्री गोविंद सिंह राव वसमर्ह्ल शैलजा माथुर ने सरकार से पुनः अपील की है कि इस शिक्षा नीति की क्रियान्विति को रोका जाए और व्यापक विचार विमर्श कर एक जन पक्षीय, छात्र हिताय और शिक्षक हितायी शिक्षा नीति का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

## सार-समाचार

### पाली में युवाओं ने श्रमदान किया

**पाली**,(नि.सं.)। नगर निगम, माय भारत व स्थानीय व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरू युवा केंद्र के युवाओं ने 'दिवाली विद माई भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत व्यास सर्कल से लेकर मस्तान बाबा, सब्जी मण्डी क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता, श्रमदान व प्लास्टिक मुक्त बाज़ार को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि आयुक्त नवीन भारद्वाज के निर्देशन में निगम के कार्मिकों ने मिलकर दुकानदारों को प्लास्टिक मुक्त पाली, डस्टबिन के नियमित उपयोग के लिए समझाईश की। वी वोइस से मनीष मेवाड़ा, ओम प्रकाश, जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड, भँवरसिंह राजपुरोहित, बनेदान रत्नू, राधा, नरेश रूपावास, ललिता, सन्तोष, हीना,जान्वी, धनराज भाटी, कुशलराज के साथ कई एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरु युवा केंद्र पाली के युवाओं का योगदान रहा।

### मादक पदार्थ रखने के आरोप में पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र में बांकियाबेरा के पास में पुलिस ने एक मकान पर रेड देकर पिता पुत्र को मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने वहां से तैयार अफीम को बरामद किया है। एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अब जांच की जा रही है। अफीम किससे खरीद कर लाई गई इस बारे में पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी विक्रम सिंह चारण ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि बाकिया बेरा सूरज टेंट गोदाम के पास माता का थान निवासी चैतन वैष्णव अवैध रूप से मादक पदार्थ रखता है। इस पर पुलिस की टीम ने उसके घर पर रेड दी। पुलिस ने वहां से उसके पुत्र दीपक को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने घटनास्थल से 800 ग्राम अफीम एवं 388 ग्राम अफीम की डली को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया।

### डॉ.प्रतिभा ने एकता की शपथ दिलाई

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभा सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाई जाती है। 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व के चलते आज मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) सुरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम उदयभान चारण सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्र सेविका समिति ने दीपदान किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा सेविकाओं के मनोबल के स्तर को ऊंचा करने के उद्देश्य से विविध उपक्रम प्रारंभ किए गए है। सेविकाओं में अपनत्व की भावना विकसित करने के उद्वेश्य से विभिन्न छात्रावासों में आरोग्य शिविर , उद्योग मंदिर, बाल मंदिर एवं संस्कार वर्ग सहित विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जैसलमेर में संचालित हो रही विविध शाखाओं के माध्यम से जैसलमेर नगर में दीपदान उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व जैसलमेर नगर की नगर संपर्क प्रमुख नुपुर भाटिया ने सामाजिक समरसता विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही जिला संपर्क प्रमुख रंजना पुरोहित ने सभी उपस्थित बहनों का आभार व्यक्त किया। उसके पश्चात कुछ सेविकाओं ने जिले की विविध बस्तियों में जाकर दीपदान किया और बस्ती के परिवारों के साथ दीपोत्सव की खुशियां मनाई। सेविका बहनों का सहयोग रहा।

### व्यास सर्किल पर रंगीन फुव्वारा शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में दिपावली के अवसर पर आज मंगलवार को व्यास सर्किल पर जीर्णाद्धार कर रंगीन फुव्वारा प्रांरभ किया गया जिसका शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलैक्टर बजरंग सिंह ने किया । इस अवसर पर यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना मौजूद रही। उन्होंने बताया कि सत्रह लाख की लागत से इसका जीर्णाद्धार कार्य किया गया। इस अवसर पर यूआईटी के कार्मिक आदि मौजूद रहे।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं) । नागौरी गेट स्थित सरगरा कॉलोनी में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि सरगरा कॉलोनी निवासी सुनिल पुत्र किशनलाल सरगरा की तरफ से रिपोर्ट दी गई।